# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-10.09.2025**

**विषयः- नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने व दुष्कर्म के मामले में वांछित एक बाल अपचारी समेत कुल 02 अभियुक्त थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबीर की सूचना पर मु0अ0सं0-00255/2025 धारा 137(2)/87/61(2)/65(1) बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त अनुराग गिरी उर्फ शिवम गिरी पुत्र स्व0 अरुण गिरी निवासी कोरौता थाना लोहता जनपद वाराणसी को आज दिनांक-10.09.2025 को समय करीब 11.20 बजे विशुनपुर बाग के पास लोहता कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया तथा 01 नफ़र बाल अपचारी, उम्र करीब 15 वर्ष को पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक-09.09.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने प्रतिवादीगण द्वारा आपराधिक षडयंत्र कर वादी की नाबालिग पुत्री उम्र 14 वर्ष को बहला-फुसलाकर ले जाने तथा प्रतिवादी शिवम गिरी उपरोक्त के द्वारा गलत काम करने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में मु0अ0सं0-0255/2025 धारा 137(2)/87/61(2)/65(1) बी0एन0एस0 व ¾ पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष निकिता सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त/बाल अपचारी का विवरण-**

1- अनुराग गिरी उर्फ शिवम गिरी पुत्र स्व0 अरुण गिरी निवासी कोरौता थाना लोहता जनपद वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष।

2- बाल अपचारी, उम्र करीब 15 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-** विशुनपुर बाग के पास लोहता कमि0 वाराणसी से, दिनांक-30.09.2025 को समय करीब 11.20 बजे।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

1. मु0अ0सं0-00255/2025 धारा 137(2)/87/61(2)/65(1) बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. थानाध्यक्ष निकिता सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 ऋतुराज मिश्रा थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 नत्थू प्रसाद थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 सत्यप्रकाश सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 अजीत कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**